an>

Title: Need to construct school building for Kendriya Vidyalaya, Sitapur Karwi in Chitrakoot district, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत जनपद चित्रकूट में सीतापुर कर्वी में केन्द्रीय विद्यालय नगर पालिका के रैन बसेरा में संचालित है। यह वहाँ कई वर्षों से चल रहा है। वहाँ पर पर्याप्त जगह न होने के कारण विद्यालय के संचालन में बड़ी कठिनाई हो रही है। केन्द्रीय विद्यालय के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए जमीन भी नगर पालिका से सटे हुए क्षेत्र डिलौरा ग्राम सभा तरौंहा के पास दे दी गई है। जमीन को रजिस्टर हुए और केन्द्रीय विद्यालय के नाम हुए कई वर्ष हो गए हैं। लेकिन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा इस दिशा में आवश्यक कदम न उठाये जाने के कारण भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जा सका है। अस्तु, मेरा सरकार से अनुरोध है कि वहाँ पर केन्द्रीय विद्यालय भवन का शीघ्र निर्माण कर नए भवन में कक्षाएं संचालित कराने हेतु निर्देश देने की कृपा करें।